वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 8 मई 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

औरंगाबाद रेल हादसा शोकपूर्ण : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, महाराष्ट्र के औरंगाबाद में रेलवे ट्रैक पर सो रहे श्रमिकों पर मालगाड़ी चढ़ने से हुए वीभत्स हादसे में श्रमिकों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करती है तथा उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है।

अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अनिकेत ओव्हाल ने कहा कि, "औरंगाबाद में हुई दुर्घटना हृदयविदारक है। सरकार श्रमिकों की सहायता हेतु गंभीरता से विचार करते हुए कार्य करे तथा ऐसे मानवजनित हादसों को रोकने के लिए बड़े कदम उठाए साथ ही पीड़ित परिवारो को आर्थिक सहायता एवं बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार, केंद्र सरकार अथवा रेल मंत्रालय लें।"

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि,"कोरोना वायरस महामारी के चलते श्रमिकों को जगह-जगह पर अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। ऐसे में इस तरह की दुखदाई घटना हम सभी की पीड़ा को और अधिक बढ़ाने वाली है। अभाविप सभी प्रदेश सरकारों से माँग करती है कि श्रमिकों को रेल माध्यम से प्रवास की सुविधा उपलब्ध कराए, जिससे श्रमिक पैदल चलने को बाध्य न हों। अभाविप मांग करती है कि राज्य तथा केन्द्र सरकार श्रमिकों की समस्याओं पर ध्यान दे तथा इस घटना की निष्पक्षता से शीघ्र जांच संपन्न करवाएँ।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)